हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 30 अगस्त 2026

06 फ्रेंडशिप हॉकी मैच में गुना की टीम ने शिवपुरी को 4-2 से...



09 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

जिले में अब तक 814.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

गुना। जिले में 01 जून से अब तक 814.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 77.3 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 1383.7 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 29 अगस्त 2026 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 592.7 मिलीमीटर, बमोरी में 492.6, आरोन में 645.0, राघौगढ़ में 751.0, चांचौड़ा में 876.0, कुम्भराज में 1069.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 1278.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 1.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 5.2 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 3.0 मिमी., राघौगढ़ में 2.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी., कुंभराज में 0.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 0.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

कार टकराने का विरोध करने पर पड़ोसी ने की मारपीट

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत भार्गव कॉलोनी में कार टकराने का विरोध करने पर एक पड़ोसी ने युवक के साथ मारपीट कर दी। फरियादी सचिन लाड (43) ने अपने भाई नितिन लाड के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत सुबह करीब 9:45 बजे उनकी कार घर के सामने खड़ी थी। तभी पड़ोसी रामकिशोर रिछारिया ने अपनी कार मोड़ते समय उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे नुकसान हो गया। जब सचिन ने नुकसान की भरपाई कराने को कहा, तो आरोपी गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने घूंसे मारकर मारपीट की, जिससे फरियादी के होंठ से खून निकलने लगा और कंधे में चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों के बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चला गया।

तू करके बात करने पर भड़का युवक दुकानदार ने युवक को पीटा

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत कर्नलगंज में मामूली बात को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। कोल्हूपुरा निवासी लोकेंद्र सेन (30) ने बताया कि गत रात करीब 9 बजे वे मंदिर के पास दुकान से सामान ले रहे थे। तभी राजीव ने उनसे पूछा कि क्या ले रहे हो? लोकेंद्र द्वारा तू अपना काम कर कहने पर आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। आरोपी फरियादी को घसीटकर अपने घर के पास ले गया और घूंसे से बुरी तरह पीटा।

पुरानी रंजिश पर चार लोगों ने लाठियों से हमला कर युवक को पीटा

गुना। जिले के फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम अजरोड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने एक युवक पर लाठियों से हमला कर दिया। फरियादी बंटी सहरिया (26) ने पत्नी पूजाबाई और मां लीलाबाई के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत रात करीब 10 बजे वह घर के सामने खड़ा था। तभी गांव के बाबू, हरिप्रसाद, सुखलाल और भूरा सहरिया ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर चारों ने लाठियों से मारपीट की, जिससे युवक की आंख के नीचे, पैर व पीठ पर चोटें आईं।

सड़क पर पत्थर फेंकने से मना करने पर युवक पर किया जानलेवा हमला

गुना। शहर के कैंट निवासी राहुल उर्फ अन्नू राठौर (20) पर कंचन मेडिकेयर के पास एक सिरफिरे युवक ने पत्थर से हमला कर दिया। फरियादी अपने दोस्त राज खटीक के साथ सरकारी अस्पताल जा रहा था। तभी रास्ते में एक व्यक्ति को पत्थर फेंकते देख उन्होंने मना किया। इसी बात पर आरोपी गालियां देने लगा और विरोध करने पर उसने राहुल पर पत्थर फेंककर मार दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आकर खून निकल आया।

एसडीआरएफ की निगरानी में संपन्न हुआ विसर्जन, बाजार में सजे भुजरिया मिलन के मंच

महिलाओं ने सिर पर रखी भुजरिया, होठों पर मंगल गीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर सहित संपूर्ण जिले में रक्षाबंधन के अगले दिन मनाया जाने वाला पारंपरिक भुजरियों का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, सामाजिक सद्भाव और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्राचीन मान्यताओं और सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए महिलाओं व श्रद्धालुओं ने अंकुरित गेहूं (भुजरिया) को सिर पर रखकर निकटतम जल स्रोतों तक जाकर विसर्जित किया।

पर्व के अवसर पर शहर के प्रमुख भुजरिया तालाब सहित सिंगवास, गोपालपुरा, हिलगना तालाब और सकतपुर स्थित खदानों से बने जलाशयों पर विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ा। बूढ़े बालाजी क्षेत्र की महिलाओं ने स्थानीय हैंडपंपों एवं हनुमान टेकरी स्थित पुलिया पर पहुंचकर भुजरिया विसर्जन की परंपरा निभाई। जलाशयों पर पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए भुजरियों का विसर्जन किया और इसके पश्चात सबसे पहले लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीहरि के चरणों में भुजरिया अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।भुजरिया तालाब परिसर में इस अवसर पर भव्य मेले का आयोजन हुआ, जहां दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा। मेले में सजी विभिन्न दुकानों, बच्चों के लिए लगाए गए जंपिंग झूले और मिक्की माउस ट्रेकिंग गेम्स का नागरिकों ने जमकर लुफ्त उठाया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन सतर्क रहा और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एसडीआरएफ की टीम नाव एवं आवश्यक उपकरणों के साथ भुजरिया तालाब पर तैनात रही। विसर्जन के पश्चात शहरभर में आपसी मेलजोल और सद्भाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा लक्ष्मीगंज सहित शहर के प्रमुख बाजारों में स्टॉल लगाकर भुजरिया मिलन समारोह आयोजित किए गए। लोगों ने एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर गले लगाया और पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही कई समाजों द्वारा भी विशेष भुजरिया मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण शहर भाईचारे और सांस्कृतिक एकता के रंग में रंगा नजर आया।

मधुसूदनगढ़ में आमजन से सीधे रूबरू हुए जनप्रतिनिधि और अधिकारी

समस्याओं का त्वरित समाधान छात्रा को मिली 12 हजार की छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जन-विश्वास अभियान के तहत शनिवार को तहसील मधुसूदनगढ़ की कृषि उपज मंडी में आयोजित चौथा जिला स्तरीय जन-विश्वास शिविर आमजन और प्रशासन के बीच संवाद, विश्वास और समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बना। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, वहीं छात्रा सुहानी सिलावट को पढ़ाई के लिए 12 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरविंद धाकड़, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उपस्थित आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

डॉक्टर बनने वाले छात्रों का बढ़ाया हौसला

शिविर में छात्रा सुहानी सिलावट ने बताया कि जानकारी के अभाव में उसे छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई, जबकि वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। इस पर कलेक्टर श्र किशोर कुमार कन्याल ने उससे छात्रवृत्ति की राशि के संबंध में जानकारी ली और रेडक्रॉस के माध्यम से एक वर्ष की 12 हजार रुपये की सहायता राशि मौके पर ही प्रदान की। कलेक्टर श्री कन्याल ने छात्रा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह मन लगाकर पढ़ाई करे और डॉक्टर बनकर अपने क्षेत्र एवं समाज के लोगों की सेवा करे। इसी प्रकार राजेश सोंधिया को भी 10 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। शिविर में सबसे पहले आवेदकों का पंजीयन कर उनके आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए। इसके बाद अधिकारियों ने एक-एक कर समस्याएं सुनीं, मौके पर ही निराकरण किया। जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके शीघ्र निराकरण किये। शिविर में नामांतरण, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए।

बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

विधायक श्रीमती प्रियंका पैंची ने उपस्थितजनों को रक्षाबंधन एवं भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारा देश मातृशक्ति की पूजा करने वाला देश है और बेटियों को आगे बढने के अवसर देना हम सभी की जिम्मेदारी है। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि बेटियों को सक्षम बनाकर उनके विकास के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि बेटियों को पंख दें और उन्हें उडने दें। आप सभी मेरा परिवार हैं और क्षेत्र के विकास तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जज्जी बस स्टैंड की घटना, बस ड्राइवर पर बदतमीजी का आरोप

बस से यात्री का बैग काटकर एप्पल एयरपॉड्स एडाप्टर और नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



भोपाल से गुना आ रही एक निजी यात्री बस में सफर कर रहे युवक के बैग से अज्ञात चोर ने एप्पल कंपनी के महंगे एयरपॉड्स, चार्जर एडाप्टर और नकदी पार कर दिए। पीड़ित यात्री ने जब बस के ड्राइवर से इस संबंध में बात की तो आरोप है कि उसने सहयोग करने के बजाय यात्री के साथ बदतमीजी की। फरियादी ने सिटी कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर मामले में एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई और चोरी गया सामान बरामद कराने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी पारस जैन पुत्र रमेश कुमार जैन निवासी पारस साहित्य सदन, लक्ष्मीगंज गत दिवस भोपाल से गुना आने के लिए कमला बस क्रमांक एमपी 44-7111 में सवार हुए थे। वे बस की सीट नंबर 17 पर बैठे थे और उन्होंने अपना लाल रंग का बैग सीट के ऊपर बनी शेल्फ पर रखा था। शाम करीब 4:30 बजे जब बस गुना के जज्जी बस स्टैंड पहुंची, तो बैग अपनी जगह से गायब मिला। काफी तलाश करने के बाद बैग बस में ही दूसरी जगह मिल गया, लेकिन उसमें रखा सामान गायब था।

चोरों ने बैग में से 24,490 रुपये कीमत के एप्पल कंपनी के एयरपॉड्स-2 प्रो, 2,000 रुपये का एप्पल 20 वाट एडाप्टर और 3,000 रुपये नकद कुल कीमती करीब 29,490 रुपये चुरा लिए। पीड़ित पारस जैन ने जब अपने मोबाइल से एयरपॉड्स को जीपीएस ट्रेस किया, तो उनकी लोकेशन गुना बस स्टैंड पर ही मिली, लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर मौके से भाग निकला। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने बस के ड्राइवर रामसिंह से मदद मांगी तो उसने बदतमीजी करते हुए कहा कि आप कुछ नहीं कर सकते।

मकान निर्माण का विरोध करने पर लाठी से हमला, युवक का सिर फूटा

गुना। जिले के चांचोड़ा थानांतर्गत कमलपुर डांग में आम रास्ते पर मकान बनाने से रोकने की बात पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी रणधीर मीणा (29) ने अपने पिता हजारीलाल मीणा के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत रात करीब 8 बजे उसने सागर सिंह को अपनी जगह में मकान बनाने को कहा। इसी बात पर आरोपी रामजीवन मीणा गाली-गलौज करने लगा और डंडे से हमला कर दिया। सिर में वार लगने से फरियादी का सिर फूट गया और खून बहने लगा। परिजनों के बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तमीज से बात करने की नसीहत देने पर तीन लोगों ने लाठियों से पीटा, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला किया दर्ज

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत नई अस्पताल के पास तमीज से बात करने की बात कहने पर तीन लोगों ने मिलकर तीन युवकों की लाठियों से बेरहमी से मारपीट कर दी। पीड़ित इमरान अली (33) ने अपने मौसेरे भाई फरहान के साथ थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। फरियादी के अनुसार गत रात करीब 11 बजे वह अल्फेज उर्फ छोटू की दुकान पर सामान लेने गया था। जब अल्फेज ने फरियादी को गलत नाम से पुकारा, तो उसने तमीज से बात करने को कहा। इसी बात पर अल्फेज के पिता सिकंदर राईन डंडा लेकर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद सिकंदर राईन, उनके बेटे जुबैद और अल्फेज ने लाठियों से हमला कर इमरान और बीच-बचाव करने आए उसके मौसेरे भाई फरहान की मारपीट कर दी। झगड़ा देख बचाने आए रिश्तेदार लक्की अली को भी आरोपियों ने डंडा मारकर चोट पहुंचाई। वारदात में पीड़ितों के सिर, चेहरे और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद महिलाओं के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुकान के सामने शराब पीकर उपद्रव करने से रोका तो व्यापारी व बेटे पर हमला

गुना। जिले के बमोरी थानांतर्गत कॉलोनी पठार में दुकान के सामने शराब पीकर हंगामा करने से मना करने पर चार लोगों ने व्यापारी और उनके बेटे पर हमला कर दिया। फरियादी मोहरसिंह धाकड़ (53) ने बताया कि गत रात करीब 8 बजे वे दुकान पर थे। तभी गांव के अर्जुन सपेरा, सुनील, राजू और आजाद सपेरा शराब पीकर गाली-गलौज व चिल्ला-चोट कर रहे थे। दुकान से बाहर आकर मना करने पर आरोपियों ने उन्हें जमीन पर पटक दिया और अर्जुन ने डंडे से सिर पर वार कर दिया, जिससे खून बहने लगा। बचाने आए बेटे मनोज के साथ भी मारपीट की गई। ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बोले माननीयः लक्ष्य तय कर शिक्षा, खेल और संस्कार के साथ आगे बढ़ें विद्यार्थी

जनप्रतिनिधियों ने किया संवाद, छात्र-छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधुसूदनगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रियंका पैंची, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें शिक्षा, खेल, नशामुक्ति, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के समापन पर सभी को नशामुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

राखी के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अतिथियों का तिलक कर राखी बांधी। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षों को भी राखी बांधी गई। इस अवसर पर सभी ने वृक्षों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। अटल लैब का किया निरीक्षण, बच्चों से नवाचारों का अनुभव जाना। इस दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों और गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा उन्हें नई चीजें सीखने और आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

शिक्षा जीवन की सबसे सच्ची साथी

विधायक प्रियंका पैंची ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य तय कर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढना चाहिए। जब हम किसी कार्य को करने की ठान लेते हैं तो उसे करके दिखाने का आत्मविश्वास भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डरने के बजाय साहस और मेहनत के साथ अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करें। शिक्षा हमारे जीवन की सबसे सच्ची साथी है, इसलिए सभी विद्यार्थी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त करें। जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को नशे से दूर रहना चाहिए। नशा व्यक्ति के भविष्य और समाज दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि उनके साथ हैं तथा सभी को मिलकर सकारात्मक वातावरण बनाना है।

ओलंपिक तक पहुंचने का रखें लक्ष्य

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि जिले के युवाओं में नई चीजें सीखने की अच्छी ललक है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर उस दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ कम से कम एक खेल अवश्य चुनें और उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास करें। विद्यार्थियों का लक्ष्य ओलंपिक जैसे बड़े मंच तक पहुंचकर देश के लिए गोल्ड मेडल हासिल करना भी होना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन में जब कोई अच्छा विचार और लक्ष्य मिल जाए तो उसे अपनाकर निरंतर उस पर काम करते रहना चाहिए। हमारा उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि एक अच्छा नागरिक बनना भी होना चाहिए। कलेक्टर ने सोशल मीडिया के सीमित और विवेकपूर्ण उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि सोशल मीडिया उपयोगी है, लेकिन इसके उपयोग का समय निर्धारित होना चाहिए। सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली प्रत्येक बात पर बिना सोचे-समझे विश्वास करने के बजाय अपने विवेक का उपयोग करें।

ईमानदारी की मिसालः ऑटो में छूटा किराने का कट्टा यात्री को सुरक्षित लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर में ऑटो चालक (एटक) यूनियन के सदस्य अंशुल सेन ने ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की है। ग्वालियर से ट्रेन द्वारा गुना पहुंचे यात्री दीपक ओझा रेलवे स्टेशन से अंशुल सेन के ऑटो क्रमांक एमपी 08-1108 में बैठकर बस स्टैंड आए थे। जल्दबाजी में उतरते समय वे अपना किराने के सामान से भरा कट्टा ऑटो में ही भूल गए। काफी तलाश के बाद भी सफलता न मिलने पर पीड़ित पुलिस सीसीटीवी फुटेज कंट्रोल रूम पहुंचे। वहां तैनात आरक्षक ओम चरण कुशवाहा ने फुटेज से ऑटो का नंबर ट्रेस किया और ऑटो यूनियन के जिलाध्यक्ष मुश्ताक खान से संपर्क किया। जिलाध्यक्ष ने तुरंत यूनियन के व्हाट्सएप ग्रुप में ऑटो का विवरण डाला। मैसेज देखते ही चालक अंशुल सेन ने सूचित किया कि सामान सुरक्षित उनके पास है और वे भी यात्री को तलाश रहे हैं। इसके बाद कंट्रोल रूम पर जिलाध्यक्ष मुश्ताक खान और आरक्षक ओम चरण कुशवाह की उपस्थिति में सामान ग्वालियर निवासी दीपक ओझा को सकुशल सौंप दिया गया। अपना कीमती सामान पाकर पीड़ित ने खुशी जाहिर की और चालक अंशुल सेन, यूनियन अध्यक्ष तथा पुलिस का सहृदय धन्यवाद किया।

समाचार संक्षेप

रानी के मंदिर में पूरे सावन मास महिला मंडल द्वारा भक्ति और भजनों की अनूठी परंपरा



राघौगढ़। राघौगढ़ स्थित रानी जी के मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र सावन मास के दौरान महिला मंडल द्वारा पूरे माह नियमित रूप से भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र की महिलाएं बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान की भक्ति में लीन होकर भजन-कीर्तन करती हैं। सावन का पवित्र महीना भगवान शिव की आराधना और भक्ति का विशेष पर्व माना जाता है। रानी जी के मंदिर में महिलाओं द्वारा निभाई जा रही यह सुंदर धार्मिक परंपरा न केवल हमारी सनातन संस्कृति को जीवंत बनाए हुए है, बल्कि समाज में भक्ति, संस्कार और धार्मिक चेतना का संदेश भी प्रसारित करती है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन गूंजते भजन और कीर्तन यह संदेश देते हैं कि जहाँ सच्ची श्रद्धा और भक्ति होती है, वहाँ सकारात्मकता और आध्यात्मिक शांति का वास होता है। महिला मंडल का यह प्रयास निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों को हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रेरणादायक माध्यम है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत रामेश्वरम यात्रा के लिए 1 सितंबर तक करें आवेदन

गुना। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत गुना जिले से 7 सितम्बर 26 से 12 सितम्बर 26 तक रामेश्वरम तीर्थ यात्रा प्रस्तावित है। यात्रा में गुना जिले से 196 यात्री तथा 04 अनुरक्षक की भागीदारी निर्धारित है। यात्रा में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र 20 अगस्त 26 से 01 सितम्बर 26 तक अनिवार्य रूप से संबंधित नगरपालिका एवं जनपद पंचायत कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

पात्रता संबंधी नियम

योजना का लाभ केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी को मिलेगा। आवेदक आयकरदाता नहीं होना चाहिए तथा उसकी आयु 60 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। महिलाओं के लिए न्यूनतम आयु 58 वर्ष निर्धारित है। 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों पर आयु सीमा लागू नहीं होगी। पति-पत्नी में से किसी एक के पात्र होने पर जीवनसाथी भी यात्रा के लिए पात्र होगा। अधिकतम 25 व्यक्तियों का समूह आवेदन कर सकता है, जिसमें समूह प्रमुख मुख्य आवेदक होगा। आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए तथा किसी संक्रामक रोग से ग्रसित नहीं होना चाहिए। इसके लिए चिकित्सीय प्रमाण-पत्र आवश्यक रहेगा। 65 वर्ष से अधिक आयु के अकेले यात्री तथा 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग यात्री अपने साथ एक सहायक (केयर टेकर) ले जा सकेंगे। एक आवेदक केवल एक तीर्थ स्थल के लिए आवेदन कर सकेगा। प्राप्त आवेदनों की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक होने पर चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा तथा निर्धारित कोटे के अतिरिक्त 10 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी।

पूर्व मंत्री सिसौदिया के आतिथ्य में राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला हॉकी संघ का आयोजन

फ्रेंडशिप हॉकी मैच में गुना की टीम ने शिवपुरी को 4-2 से हराया





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर जिला हॉकी संघ, गुना द्वारा संजय गांधी हॉकी स्टेडियम, गुना में गुना एवं शिवपुरी के मध्य फ्रेंडशिप हॉकी मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया रहे। इस अवसर पर गुना के अनेक वरिष्ठ एवं पूर्व हॉकी खिलाड़ी, प्रशिक्षक, खेलप्रेमी तथा बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।गुना और शिवपुरी की टीमों के बीच खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल कौशल एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में गुना की टीम ने शिवपुरी को 4–2 से पराजित कर जीत दर्ज की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह सिसोदिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के भारतीय हॉकी में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए युवा खिलाड़ियों से उनके समर्पण, अनुशासन और खेल भावना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों एवं खेल प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की और युवा खिलाड़ियों को गुना की समृद्ध हॉकी परंपरा से जुड़ने का अवसर मिला। जिला हॉकी संघ, गुना ने शिवपुरी से आई टीम, सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों, अतिथियों, प्रशिक्षकों, खेलप्रेमियों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्रीरामचरितमानस पाठ का समापनः हवन, भंडारे और भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

श्रावण मास के पावन अवसर पर हनुमंता धाम में 29 जुलाई से आयोजित एक माह का सार्वजनिक श्रीरामचरितमानस पाठ का विधि-विधान से हवन, पूर्णाहुति, विशाल भंडारे और भव्य भजन संध्या के साथ संपन्न हुआ। हिंदू धर्म में श्रावण मास के दौरान रामायण पारायण और भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व माना गया है। पूरे मास श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन प्रभु श्रीराम की कथा का रसपान किया। समापन दिवस पर पंडितों के सानिध्य में यज्ञ-हवन कर पूर्णाहुति दी गई। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। संध्या समय आयोजित भक्ति संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक जयकुमार अलबेला ने अपनी सुरीली आवाज में एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों की तान पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे और पूरा हनुमंता धाम परिसर जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

पुलिस ने दबिश देकर 5 हजार लीटर लहान किया नष्ट, कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर में पुलिस ने दबिश देकर अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की है। इस दौरान पुलिस ने 5000 लीटर लहान सहित शराब निर्माण में उपयोगी भट्टियां व अन्य सामग्री का नष्टीकरण कर 60 लीटर कच्ची शराब जप्त की है। जानकारी के अनुसार धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर में पारदी समुदाय के कुछ लागों के द्वारा अवैध शराब निर्माण किए जाने की लगातार प्राप्त हो रहीं सूचनाओं को एसपी हितिका वासल द्वारा गंभीरता से लेते हुए शराब माफियाओं पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में गत सुबह के समय धरनावदा थाना पुलिस द्वारा शराब माफियाओं पर कार्यवाही हेतु मुरादपुर में दबिश देकर पारदियों के डेरों के आसपास सघन सर्चिंग अभियान चलाया गया । इस दौरान छोटे-बड़े कई ड्रमों में करीब 5,000 लीटर लहान, शराब निर्माण में प्रयुक्त भटिट्यां एवं अन्य उपयोगी सामग्री बरामद हुई । साथ ही पुलिस ने मौके से अवैध शराब निर्माण में संलिप्त आरोपी देशराज पुत्र उम्मेद सिंह पारदी निवासी ग्राम कनेरा थाना धरनावदा को भी हिरासत में लिया गया । मौके से बरामद करीब 5 लाख मूल्य के 5000 लीटर लहान का विधिवत नष्टीकरण किया गया । साथ ही शराब निर्माण में उपयोगी भट्टियों एवं बरामद अन्य सामग्री को भी नष्ट किया गया तथा बरामद 60 लीटर अवैध कच्ची शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी देशराज पारदी के विरुद्ध धरनावदा थाने में अप.क्र. 175/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई ।

विधान का समापन: धर्म राष्ट्र, धर्मायतनों, समाज एवं परिवार की सुरक्षा का संकल्प लें : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



राघौगढ़ में चार दिन से चल रहे श्री रक्षाबंधन महामंडल विधान के समापन दिवस पर श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत प्रवचन करते हुए मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने आह्वान किया। ये दिन जैन धर्म के अनुसार पवित्र एवं पावन दिवस है इसी दिन लाखों वर्ष पूर्व हस्तिनापुर में श्री अकामनाचार्य आदि 700 मुनि राजों की उपसर्ग के से रक्षा मुनि विष्णु कुमार ने की थी। आपने कहा इसी दिन भाई के हाथ में बहन को राखी बांधकर इस रश्म में ही सिमट गया है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमारी तीन संतानें हों एक राष्ट्र की रक्षा करने वाला देश भूषण हो, दूसरा धर्म एवं धर्मायतनों की रक्षा करने वाला धर्म भूषण हो, तीसरा परिवार को सुसंस्कृत बनाकर परिवार को चलाने वाला कुलभूषण हो। संघस्थ मुनि ओंकार सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा हस्तिनापुर नगर में लाखों वर्ष पूर्व 700 मुनि राजों पर राजा बलि के संरक्षण में अधर्मी आततायियों उपसर्ग किया था। उसे समय विष्णु कुमार मुनि ने विक्रिया ऋद्धि से राजा बलि से तीन पग भूमि मांग कर और तीसरा पग राजा बलि की पीठ पर रखकर मुनि राजों का उपसर्ग दूर कराया था। इस पावन रक्षा दिवस को जैन धर्म में धर्म रक्षा दिवस अथवा रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। पिछले 4 दिन से चल रहे श्री रक्षाबंधन महामंडल विधान का आज रक्षाबंधन पर्व एवं भगवान श्रेयांश नाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक दिवस पर भक्ति भाव एवं धर्म आराधना से हुआ। प्रातः 6:00 बजे से भगवान का अभिषेक शांति धारा एवं पूजन हुई। विधान की बड़ी जयमाला जिसमें सभी 700 मुनि राजों को स्मरण कर अर्घ चलाए गए। भगवान श्रेयांश नाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक पर सामूहिक रूप से निर्माण लाडू भी चढ़ाया गया। तत्पश्चात बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य तरुण भैया जी इंदौर के निर्देशन में सभी को अभिमंत्रित धर्म रक्षा सूत्र बांधे गए। रक्षा सूत्र बांधने के अवसर पर सभी को संकल्प दिलाया।

भुजरिया मिलन महापर्व पुष्कर योग के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भुजरिया मिलन महापर्व शनिवार को तिर पुष्कर योग के साथ में देह धिरती योग भी बना हुआ है। इस योग में किया हुआ कार्य तीन गुना फल देता है। यह भुजरिया पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की शिवालय के गणपति के सामने में भुजरिया रखकर प्रथम पूज्य गणपति को समर्पित करके भुजरिया विसर्जन होता है।

उन्होंने बताया कि पुराणों के अनुसार भुजरिया का बोना एवं विसर्जन करना एक दूसरे के प्रति हरियाली के प्रतीक यानी प्रेम का प्रतीक है। इस दिन भाई बहन का मिलना एवं किसी के साथ में भी बैर भाव को भुलाकर अपनी गलतियों की क्षमा मांगना होता है जिससे की पुरानी रंजिश को भूलकर नये सिरे से प्रेम बढ़ाना होता है।



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रेणु राजेश के नेतृत्व में समाजशास्त्र विभाग के विशाल नरवरिया, गंगीता शर्मा एवं प्रियंका शर्मा आदि शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ की स्मृति एवं सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण को स्वच्छ हरा-भरा एवं सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।

पंचायत अपने कार्यालय का ध्यान नहीं रख पा रही, तब ग्राम बेहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

रेपरी पंचायत के कार्यालय की हालत देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इस ग्राम पंचायत के सचिव चुने गए सरंपच और रोजगार सहायक ग्राम पंचायत के प्रति कितने जिम्मेदार हैं। हालत यह है कि ग्राम पंचायत के भवन को देखने तक की फुरसत पंचायत के पदाधिकारियों को नहीं है। पंचायत भवन उपेक्षित पड़ा है, चारों ओर हरी घास उग आई है आने जाने का रास्ता भी नहीं बचा है। जब रेपरी ग्राम पंचायत के भवन की हालत यह है तब ग्रम की हालत क्या होगी। यहां गांव की गलियों की हालत भी खराब है, आने जाने के रास्ते भी परेशानी का कारण बने हुए है, समीप जो हेडपंप लगा है वह भी बंद पड़ा है। ग्राम पंचायत के पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी से दूर भाग रहे हैं,जिससे गांव के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

तमिलनाडु की तर्ज पर एमपी में भी पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

तमिलनाडु विधानसभा द्वारा 25 अगस्त 2026 को 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से पूर्ण एवं स्थायी छूट दिलाने संबंधी सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद मध्य प्रदेश में भी इस मांग ने जोर पकड़ लिया है। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रांताध्यक्ष एवं ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमेटी, मध्यप्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर तमिलनाडु की तर्ज पर मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से स्थायी छूट देने संबंधी सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की मांग की है। रघुवंशी ने कहा कि शिक्षकों की आजीविका, सेवा सुरक्षा और भविष्य का विषय दलगत राजनीति से ऊपर है। शिक्षकों की नियुक्ति टीईटी व्यवस्था लागू होने से पूर्व तत्कालीन भर्ती नियमों एवं निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर हुई थी। इन शिक्षकों ने वर्षों तक शासकीय शिक्षा व्यवस्था में अपनी सेवाएं दी हैं। वर्तमान में ज्म्ज् की अनिवार्यता के कारण उनकी सेवा सुरक्षा, पदोन्नति एवं अन्य सेवा लाभों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।


उन्होंने मांग की कि मध्यप्रदेश सरकार विधानसभा के माध्यम से केंद्र सरकार से आरटीई एक्ट की धारा 23 में आवश्यक संशोधन कराने की पहल करे तथा 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से पूर्ण एवं स्थायी छूट दिलाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए। रघुवंशी ने कहा कि शिक्षकों की आजीविका, सेवा सुरक्षा और भविष्य का विषय दलगत राजनीति से ऊपर है।

अधर्म ही संसार का कारण और आधार मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

साइंस ऑफ लिविंग के विशेष सत्र में परम पूज्य मुनिश्री 108 निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए एक बेहद गंभीर और विचारणीय विषय पर प्रकाश डाला। महाराज श्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह संसार अधर्म के आधार पर ही टिका है और अधर्म ही इस समस्त संसार का मूल कारण है।

उन्होंने जैन दर्शन के ग्रंथों का संदर्भ देते हुए समझाया कि आचार्यों ने संसार में दो प्रकार के प्राणी बताए हैंकृपहला संसारी और दूसरा मुक्त प्राणी। महाराज श्री ने कहा, इस मुक्ति का मार्ग ही वास्तव में धर्म मार्ग है, न्याय मार्ग है, जिसे मोक्षमार्ग कहा गया है। सम्यक श्रद्धान (सम्यक दर्शन), सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र इन तीनों के संगम को ही सच्चा धर्म कहा जाता है। इसी धर्म



के सहारे जीव को संसार से मुक्ति की प्राप्ति होती है। इसके विपरीत बात करते हुए उन्होंने बताया कि मिथ्या दर्शन, मिथ्या ज्ञान और मिथ्या चारित्र इन तीनों को अधर्म कहा गया है, जिसे मोहमार्ग भी कहते हैं। इस संसार का प्रत्येक प्राणी अनादि काल से आज तक इसी मोहमार्ग (अधर्म) पर चल रहा है, जिसके कारण वह मुक्ति प्राप्त नहीं कर पा रहा है और लगातार संसार चक्र में परिभ्रमण कर रहा है।

मिथ्या धारणाओं के कारण जीव नहीं पा रहा मुक्ति

महाराज श्री ने आगे कहा कि संसारी प्राणी ने आज तक सत्य को स्वीकार नहीं किया है। इस अज्ञानता के कारण उसकी मिथ्या (गलत) धारणाएं वैसी की वैसी बनी हुई हैं। इन्हीं मिथ्या धारणाओं के प्रभाव में आकर वह अधर्मी प्रवृत्तियां करता है, जिसके फलस्वरूप उसे आज तक आत्मिक मुक्ति का लाभ नहीं मिल सका है। अपने प्रवचन के दौरान मुनिश्री ने आचार्य समंतभद्र महाराज द्वारा रचित प्रसिद्ध ग्रंथ रत्न करण्डक श्रावकाचार के एक महत्वपूर्ण श्लोक का उल्लेख भी किया।

ब्राह्मण समाज ने श्रावणी पर्व मनाया, नदी में स्नान किया और यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रक्षाबंधन के साथ ही श्रावणी पर्व बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। लगभग अर्द्ध शतकीय संख्या में विप्र बृन्द ग्राम डोंगरा पछार प्रातः 8 बजे पहुंचे और ब्राह्मण समाज द्वारा पारंपरिक रूप से श्रावणी उत्सव ऋषि परंपरा के अनुसार प्रारंभ किया गया। श्रावणी पर्व को ब्राह्मण समाज का प्रमुख धार्मिक पर्व माना जाता है।

आयोजन के अनुसार सभी समाज जन एकत्रित होकर नदी पर पहुचे। पंडित रामबाबू उपाध्याय व पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा सभी बन्धुओं को निर्देश दिये गये कि साबुन तेल का प्रयोग निषेध रहेगा। डोंगरा पछार स्थित कल-कल कर बहती हुई नदी में सभी के द्वारा सर्वप्रथम नदी को प्रणाम कर त्रय आचमन कराया गया। तत्पश्चात 10 विधि स्नान,किया गया। प्रायश्चित संकल्प विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सामूहिक रूप से संपन्न किए गए।तत्पश्चात ऋषि परंपरा का निर्वहन करते हुए ऋषि पूजन किया





गया।पूर्व में देवताओं का, उत्तर में ऋषियों का व दक्षिण में पितरों/पूर्वजों व पश्चिम में शहीदों को तर्पण किया गया। ततपश्चात विप्र देवों द्वारा विधि विधान से यज्ञोपवीत पूजन वेदिका पूजन कर यज्ञोपवीत धारण कराये गये।व लोक मङ्गल की कामना,देव भाषा संस्कृत को राष्ट्र भाषा बनाने, समुचित बृष्टि,व किसानों की समृद्धि के लिए उन्नत फसलों व देश में शान्ति व्यवस्था की स्थापना के निमित्त यज्ञ आरम्भ किया गया। उसी समय बर्षा आ जाने से ग्रामीणों के द्वारा तत्काल तिरपाल लाकर मानव श्रंखला बना कर तिरपाल की छत बनाई गई व यज्ञशाला सुरक्षित की गई। जिससे विधिपूर्वक यज्ञ कार्य सम्पन्न हो सका। अन्त में आरती के उपरांत प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम सानन्द सम्पन्न हुआ। ग्रामीणों द्वारा व सरपंच द्वारा सभी विप्र जनों का जलपान कराया व सम्मानित किया। रामबाबू उपाध्याय, पंडित पुरुषोत्तम शर्मा एवं उनका बटुक समुदाय, महेश कुमार शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा, मनोज कुमार उपाध्याय, दिनेश बिरथरे, राजीव पचैरी, शिवराम शर्मा,पुरुषोत्तम शर्मा, अरुण दुबे, हेमन्त कुमार पाठक, राम कुमार शर्मा, रवींद्र भारद्वाज,रमेश पारासर,लखन उपाध्याय, मनोहर चैधरी, रामू शर्मा, मुरारी शर्मा, अवधेश शर्मा,संतोष शर्मा, बद्री प्रसाद शर्मा, शिव कांत पाठक आदि सम्मिलित हुए।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत डॉक्टर कॉलोनी निवासी संग्राम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि परमाल और अरबिंद अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत झीला निवासी हरिसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अरंबिद अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीमखेडा निवासी मनीष कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दीपक और भरत कुशवाह ने उससे मारपीट की। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी दीपक गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि श्याम सुंदर गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बाइक की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत नारोन निवासी अर्पित आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मुंगावली चंदेरी रोड पर सफेद रंग की कार के चालक ने शेरे पंजाब ढाबा के पास अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चो आई हैं। इसी प्रकार कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम सिरनी निवासी नरेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि काले रंग की कार यूके 07 एचके 6314 के अज्ञात चालक ने ग्राम ईन्दोर के रास्ते पर नदी के समीप अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। कदवाया थाने के अंतर्गत गणेशखेडा निवासी रविन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टीवीएस अपाचे दोपहिया वाहन के चालक ने आम रोड पर फरियादी के बेटे को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत आमखेडा तूमेन में 25 वर्षीय युवक ताराचंद पुत्र दुर्गाप्रसाद प्रजापति ने अपने ही घर में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया गया है कि मृतक मोटर वाइडिंग का काम करता था तथा रोज गांव से अशोकनगर आता था। मृतक भाई अंकेश का कहना है कि रात को वह अलग कमरे में सो रहा था, सुबह जब वह नहीं उठा तब देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटका हुआ था, बताया गया कि मृतक की शादी 4 महीने पहले ही हुई थी। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में शनिवार को संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन ने वरखेड़ी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी भवन बंद पाया गया। साथ ही विद्यालय में 2 में से एक महिला शिक्षक उपस्थित मिली,कोई भी विद्यार्थी उपस्थित नही मिले।

गौशाला कदवाया का निरीक्षण किया

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के दौरान गौशाला कदवाया का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान गौशाला संचालन के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने गौवंश को चारा खिलाया। साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा के लिये गौशाला परिसर में आम का पौधा लगाया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कदवाया स्थित प्राचीन पुराताविक धरोहरों का भ्रमण कर पर्यटन के रूप में विकसित किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम त्रिलोचन गौंड, संबंधित अधिकारी उपस्थित साथ थे।

चंदेरी क्षेत्र के बांकलपुर गांव का मामला, हर बारिश में टापू बन जाता है गांव

उफनते नाले को पार करते समय बहा युवक, 200 मीटर दूर मिला शव



हर बारिश में बनती है मौत की पुलिया

बांकलपुर गांव के मुख्य मार्ग पर यह नाला बेहद नीचे बना हुआ है। थोड़ी सी बारिश होते ही नाला उफान पर आ जाता है, जिससे गांव का संपर्क बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी गांव में कोई आपात स्थिति होती है। विशेषकर किसी गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल ले जाना हो तो यह जलमग्न नाला सबसे बड़ी बाधा बन जाता है। शुक्रवार को भी कई ग्रामीण अपनी जान हथेली पर रखकर इस उफनते नाले को पार करने को मजबूर दिखे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बांकलपुर में एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही और उपेक्षा का मंजर देखने को मिला है। गांव के मुख्य मार्ग पर बने निचले नाले पर बारिश का पानी सिर चढ़कर बोलने के कारण शुक्रवार शाम एक 20 वर्षीय युवक उफनते नाले में बह गया। शनिवार सुबह काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने युवक का शव घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर झाड़ियों में फंसा हुआ बरामद किया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को क्षेत्र में हुई तेज बारिश के कारण बांकलपुर गांव के रास्ते में स्थित नाले पर लगभग 3 फीट ऊपर तक पानी बह रहा था। शुक्रवार शाम करीब 20 वर्षीय धर्मेंद्र (पुत्र मथुरा लाल आदिवासी) नाला पार करके अपने घर लौट रहा था। पानी के तेज बहाव में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नाले के बहाव में बह गया।

रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची

घटना की सूचना मिलने के बाद शनिवार सुबह रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया। काफी देर तक चले तलाशी अभियान के बाद घटना स्थल से लगभग 200 मीटर दूर झाड़ियों में धर्मेंद्र का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चंदेरी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



ग्रामीणों में आक्रोश

स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे नाले पर ऊंची पुलिया निर्माण को लेकर कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दे चुके हैं। लेकिन आज तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन पुलिया का निर्माण करा देता, तो आज धर्मेंद्र को अपनी जान न गंवानी पड़ती। इस हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम और आक्रोश का माहौल है।

जिले में पिछले 24 घंटों में चंदेरी में 45 मिली और ईसागढ़ में 40 मिलीमीटर बारिश

जिले में वर्षा की रफ्तार कहीं कम कहीं अधिक है, अशोकनगर तहसील में वर्षा की स्थिति सबसे कमजोर है। पिछले 24 घण्टों में अशोकनगर तहसील में 11 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सबसे कम वर्षा 418 मिलीमीटर अशोकनगर तहसील में है मात्र 49.18 प्रतिशत पानी अशोकनगर तहसील में गिरा है। जिला एक है लेकिन वर्षा हर तहसील में अलग अलग हो रही है, चंदेरी तहसील में पिछले 24 घण्टों में 45 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है चंदेरी में वर्षा की स्थिति 696 मिलीमीटर हो गई है जो कुल वर्षा का 69.60 प्रतिशत है। अगर ईसागढ़ तहसील की बात करें तो पिछले 24 घण्टों में ईसागढ में 40 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है यहां अब तक 426 मिलीमीटर कुल वर्षा हो चुकी है। यहां वर्षा का प्रतिशत 48.52 है। जबकि मुंगावली तहसील में पिछले 24 घंटों में 22 मिलीमीटर पानी जरूर गिरा है लेकिन यहां वर्षा सर्वाधिक हो चुकी है।

मुंगावली में 100 प्रतिशत वर्षा पूरी हुई

मुंगावली तहसील में अब तक कुल 804 मिलीमीटर वर्षा हुई है। मुंगावली जिले की पहली तहसील है जहां वर्षा ने 100 प्रतिशत का आंकड़ा पूरा कर लिया है। यहां 100.50 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। पूरे जिले में चारों तहसीलों को मिलाकर औसत वर्षा का आंकड़ा पिछले 24 घण्टों में 29.50 प्रतिशत रहा है। अभी तक जिले में 586 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है जबकि कुल औसत वर्षा की दृष्टि से 882 मिलीमीटर वर्षा की जरूरत है, जिले में कुल वर्षा का प्रतिशत 66.44 है। अगर गतवर्ष की बात करें तो अशोकनगर जिले में कुल औसत वर्षा 1291.25 मिलीमीटर वर्षा हुई थी गतवर्ष की वर्षा से अशोकनगर जिला अभी तक 705 मिलीमीटर पीछे है जिले की सारी तहसीलों में गतवर्ष से अब तक कम वर्षा हुई है।

त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए यातायात पुलिस की सख्ती

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी यातायात रनि. अजीत नरवरिया के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से बुलेट मोटरसाईकिलों में लगाए गए मोडीफाईड साइलेंसर, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 10 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 11,000 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया एवं बुलेट में लगाए गए मोडीफाईड साइलेंसरों को जप्त किया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने तथा अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अनाधिकृत मोडीफिकेशन नहीं कराने की समझाईस दी गई।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि आगामी त्यौहारों के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अनाधिकृत मोडीफिकेशन न कराएं, विशेषकर ऐसे मोडीफाईड साइलेंसर का उपयोग न करें जिससे अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न होती हो। दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी न बैठाएं तथा वाहन चलाते समय हेलमेट सहित सभी यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

मेजर ध्यानचंद की 121वीं जन्म जयंती पर हर्ष उल्लास के साथ खेल दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की 121वीं जन्म जयंती को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश के मार्गदर्शन में रोटरी क्लब अशोकनगर में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों खेल प्रशिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दया सिंह संधू उपस्थित थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में अरुण रघुवंशी प्रभारी खेल विभाग उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के बारे में खिलाड़ियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और उनके संघर्षों के बारे में बताया गया। साथ ही मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया अंत में खिलाड़ियों को प्रभारी अधिकारी द्वारा फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई।

राजपुर में भुजरिया का त्योहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



शनिवार को राजपुर में भुजरिया पर्व बड़े धूमधाम हर्ष उल्लास के साथ-साथ मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने अपने घरों पर वोई हुईं भुजरिया महिलाएं अपने अपने घरों से डलियों में रख कर मंगल गीत गाती हुईं हनुमान चौराहा, हाट बाजार से मैदान में जा कर सभी गांव की भुजरिया एकत्रित हुईं। वहां पर वुदेली परम्परा के अनुसार गांव वासियों ने लहंगी चाचड का उत्सव मना रहे थें श्याम कों भुजरियां विसर्जन के लिए भुजरियां तलाव लें जायगा गया। वहां से वापस लौट कर सर्वप्रथम देवी देवताओं कों भुजरियां अर्पण कर अपने दोस्तों के साथ-साथ इस वर्ष उनके घर गये। भुजरियां बदलने जिनके यहा पर सावन मेला होता है। गांव के लोग वहा पर उनके परिवार से भुजरियां बदलते देखें गया। जनप्रतिनिधियों ने भी बड़े धूमधाम के साथ-साथ भुजरियां पर्व मनाया, राजपुर के सरपंच प्रतिनिधि शफीक खान ने सभी राजपुर वासियों का तोलिया भेंट कर स्वागत किया।

कदवाया में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में आवेदकों की सुनी समस्याएं, दिव्यांगों को ट्रायसाइकिल वितरित

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में आवेदनों का त्वरित निराकरण अभियान की सार्थकता : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करना ही अभियान की सार्थकता सिद्ध करता है। शिविर में आने वाले प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत कदवाया में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के अवसर पर कही। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य आमजन को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरलता और सुगमता से उपलब्ध कराना है। शिविर में प्राप्त आवेदनों को लंबित रखने के बजाय प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण किया जाए। जिन प्रकरणों का मौके पर निराकरण संभव नहीं है, उनमें संबंधित विभाग समय-सीमा निर्धारित कर कार्यवाही पूर्ण करें तथा आवेदक को भी इसकी जानकारी दें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संधारण व्यवस्थित रूप से किया जाए और निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनविश्वास अभियान शासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के साथ साथ स्वरोजगार एवं स्वंय के उद्योग स्थापित करने के लिये उद्योग संवाद का आयोजन किया गया है। कलेक्टर के नेतृत्व में शासन की योजनाओं के माध्यम से बैरोजगार युवकों को रोजगार मुहिया कराने तथा सीमित संसाधनों से उद्यमी बनाये जाने के लिये सभी आवश्यक प्रयास कर उन्हे सहायता दिलाना है। इस शिविर में 1587 विभिन्न शिकायतों का निराकरण कराया गया है।

हितलाभ का वितरण

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग द्वारा बर्षा यादव,गोलू कुशवाह, कमला बाई,रमाशंकर,जितेन्द्र,रविकुमार एवं सतीश सोनी को नामातरण के प्रमाण पत्र तथा तथा अभिषा गुर्जर,आरिफ खान,सोविया यादव, श्यामबीर,कृतिका ओझा,तनुषा साहू,राधिका सहित अन्य हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्रों का वितरण अतिथियों द्वारा वितरित किये गए। शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट छात्र नयन सिंह कुशवाह एवं अजय लोधी को स्कूटी के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। बृद्धा पेंशन योजना के तहत बसीर खान,संग्राम लोधी,रजना सेन एवं संजना आदिवासी को स्वीकृति पत्र दिये गए। संबल योजना के तहत शीला बाई को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। दिव्यांग पेंशन के तहत तोफान कुशवाह, वंशिका, यशकुमार, अनुष्का,रचित जाटव एवं दिनेश जाटव दिव्यांग पेंशन के प्रमाण पत्र दिये गए। कृषि विभाग द्वारा रमेश लोधी एवं रामवीर यादव को स्प्रिंकलर पंप के स्वीकृति प्रदान किये गए। पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डेयरी योजना के तहत माधवी बैरागी,उवेश खान,मंगल सिंह एव अन्य हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। पीएम स्वीनिधि योजना के तहत पवन कुमार यादव एवं संजय करोसिया एवं अन्य स्वीकृति पत्रों का वितरण कराया गया।

सद्भावना के साथ मनाया भुजरिया का त्योहार, लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं, गिले शिकवे दूर कर आपस में गले मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अशोकनगर शहर में भुजरियों का पर्व परंपरागत उल्लास और सद्भावना के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी, बड़ों के लोगों ने चरण छुए, छोटों को आशीर्वाद मिला। अनेक लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर शुभकामनाएं दी और गिले शिकवे दूर किए।

अशोकनगर में रक्षाबंधन के त्यौहार के अगले दिन यह भुजरियों का पर्व मनाया जाता है यह पर्व सांप्रदायिक सद्भाव आपसी प्रेम और विश्वास का संदेश लेकर आता है। इस त्यौहार को सभी वर्ग के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। जैसे-जैसे समय बदलता जा रहा है वैसे-वैसे त्योहारों की रौनक कम होती जा रही है। इस त्यौहार पर भी ऐसा ही देखा गया। त्यौहार मनाने के लिए लोग घरों से निकले शुभकामनाएं दी और परस्पर मिल जुलकर गिले शिकवे दूर करने का वादा किया।

शाम 4 बजे के बाद से ही भुजरिया का त्यौहार मनाना शुरू हो गया था यह त्यौहार शाम 4 बजे से शुरू हुआ जो रात 10 बजे तक चलता रहा। इस त्यौहार पर अनेक लोग नए वस्त्र धारण कर त्यौहार मनाने के लिए निकले। इस त्यौहार की विशेषता है कि यह त्यौहार आज के परिवेश में प्रेम-स्नेह का बीज अंकुरित करने वाला त्यौहार है। कई जगह भुजरिया मिलन समारोह के आयोजन भी किए गए। भुजरियों का यह त्यौहार शाम 4 बजे शुरू हुआ महिलाएं अपने सिर पर भुजरियों के लिए पात्र रखकर गीत गाते हुए जल स्त्रोतों पर जाते हुए देखी गई।

महिलाएं भुजरियों के गीत गाते हुए तुलसी सरोवर पहुंची

आज भी यहां की संस्कृत में भुजरियों के गीत सुनाई पड़ते हैं। इस त्यौहार पर महिलाओं ने तुलसी सरोवर पर पहुंचकर तालाब के पानी में भुजरियों को विसर्जित किया। बाद में भगवान के दरबार में इन भुजरियों को चढ़ाने के बाद इन्हें आम जनों के लिए प्रदान की गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को भुजरिया प्रदान की और यह पर्व मनाया। इस पर्व में भुजरिया बदलने का त्यौहार है एक पक्ष दूसरे पक्ष को भुजरिया प्रदान करता है। इस भुजरियों के त्योहार पर अनेक समाज में जहां बीते समय किसी के यहां शोक का वातावरण निर्मित हो जाता है उन परिवारों के यहां जाकर भुजरिया दी गई और उनके शोक को कम करने का प्रयास किया गया। पहले शहर में लोग भुजरिया लेकर चैराहा चैराहा पर निकलते थे लेकिन अब सामूहिक रूप से घर-घर जाकर भुजरिया देने का प्रचलन चल पड़ा है। यह त्यौहार यहां की विशेषताओं में से एक है यह सांप्रदायिक सद्भाव की मिशाल पेश करता है। दिलों में गुंजाइश करने वाला एक त्यौहार।

युवा पीढ़ी में भी उत्साह देखा गया

इस त्यौहार पर सभी वर्ग के लोगों में उत्साह रहता है खास तौर से आज की युवा पीढ़ी में इस त्यौहार को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है। वह आपस में भुजरिया बदलते हैं इस त्यौहार पर कई लोग अपने रिश्तेदारों के यहां भी स्थानीय स्तर से लेकर बाहर भी जाते हैं और रिश्तेदारी का फर्ज निभाते हैं। जिन परिवारों में बेटियों की शादी हुई है उन परिवारों के यहां उनके दामाद श्रावणी लेकर आते हैं। विवाहित युवतियां अपनी सहेलियों को सामग्री प्रदान करती है इस तरह त्यौहार पूरे दिन शुभकामनाएं चलती है। यह यहां की संस्कृति का अनुपम त्यौहार है इस त्यौहार की झलक बुंदेलखंड में ज्यादा नजर आती है लेकिन अशोकनगर जिला बुंदेलखंड और मालवा के बीच की संस्कृति वाला जिला है इस कारण यहां इस त्यौहार को लेकर उत्साह देखा जाता है।

बिना मौजूदगी हाजिरी कैसे लगी? प्राचार्य बोले फर्जी लगाई तो क्या हुआ, 2 दिन का वेतन काट लेंगे

शिक्षा विभाग की तकनीकि में सरकारी शिक्षकों ने लगाई सेंध: शिक्षक घर पर, ई-अटेंडेंस स्कूल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के सरकारी स्कूलों में कागजों पर दर्ज आंकड़े और धरातल की हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर सामने आया है। ताजा मामला ब्यावरा संकुल के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मलावर का है, जहां शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी नजर आई। विद्यालय में 23 नियमित और 8 अतिथि मिलाकर कुल 31 शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन औचक निरीक्षण में मौके पर केवल 20 शिक्षक ही पाए गए। इससे भी चैंकाने वाली बात यह रही कि स्कूल में पंजीकृत 850 विद्यार्थियों में से एक भी छात्र कक्षा में मौजूद नहीं था। पूरा स्कूल परिसर खाली पड़ा था और शिक्षक फुर्सत में बैठे नजर आए।



ई-अटेंडेंस सिस्टम पर गहराया संशय

कैसे लगी गैरहाजिरी में हाजिरी?

शासन ने स्कूलों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जीपीएस आधारित 'ई-अटेंडेंस' व्यवस्था लागू की है। नियम के अनुसार, स्कूल परिसर की निर्धारित जियो-फेंसिंग लोकेशन और संबंधित शिक्षक की व्यक्तिगत मौजूदगी के बिना ऑनलाइन अटेंडेंस लगना तकनीकी रूप से असंभव है। इसके बावजूद मलावर स्कूल में बसंत कुमार अहिरवार, सुनील नीरज और अनीता सुमन सहित अन्य नदारद शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज होने के आरोप लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब शिक्षक मौके पर मौजूद ही नहीं थे, तो सिस्टम में उनकी हाजिरी कैसे दर्ज हो गई? क्या आईडी-पासवर्ड साझा कर प्रॉक्सी अटेंडेंस लगाई जा रही है या फिर इस तकनीकी व्यवस्था में सेंध लगाने का कोई और खेल चल रहा है?

प्राचार्य का गैर-जिम्मेदाराना रवैया: बोले- रजिस्टर तो बीईओ को भी नहीं दिखाते

लापरवाही सामने आने पर जब संस्था प्राचार्य हितेंद्र नागर से शिक्षकों और विद्यार्थियों का भौतिक उपस्थिति रजिस्टर दिखाने को कहा गया, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। प्राचार्य ने यहां तक कह डाला कि "हम रजिस्टर तो बीईओ को भी नहीं दिखाते।" वहीं अनुपस्थित शिक्षकों की फर्जी हाजिरी के सवाल पर उन्होंने बेहद गैर-जिम्मेदाराना जवाब देते हुए कहा कि "फर्जी अटेंडेंस लगाई तो क्या हुआ, हम दो दिन की तनख्वाह रुकवा देंगे अतिथि शिक्षक की।" प्राचार्य का यह बयान सीधे तौर पर फर्जीवाड़े पर पर्दा डालने और विभागीय नियमों को ठेंगा दिखाने जैसा है।

इनका कहना है

आज कुछ शिक्षक आए नहीं है और कुछ शिक्षकों ने छुट्टी ले रखी थी बाकी के जो बिना आए ईअटेंडेंस लगा रहे है उनको मैं दिखवाता हूं। इतना बड़ा स्कूल है मुझे देखना पड़ता है कौन कब आ रहा है या जा रहा है मुझे पता करने में समय लगता है।

हितेन्द्र नगर, प्राचार्य हाई सेकंडरी स्कूल मलावर।

लापरवाह षिक्षकों को नोटिक दिए जाएंगे

मेरी जानकारी में अभी ही आया है कि जो शिक्षक बिना उपस्थिति के ई अटेंडेंस लगा रहे हैं, मैं अभी प्रिंसिपल से बात करता हूं। उनके नाम आने पर उनके खिलाफ नोटिस की कार्रवाही की जाएगी।

-**दिलीप शर्मा**, ब्लाक शिक्षा अधिकारी ब्यावरा

जांच के घेरे में खड़े गंभीर सवाल

- 850 छात्रों का गायब होना: 31 शिक्षकों के भारी-भरकम अमले के बावजूद दर्ज 850 बच्चों में से एक भी छात्र स्कूल क्यों नहीं पहुंचा?
- तकनीक का दुरुपयोग: ई-अटेंडेंस की सुरक्षा प्रणाली को बाईपास कर नदारद शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी किसके संरक्षण में दर्ज की जा रही है?
- दस्तावेज छिपाने की मंशा: औचक जांच के दौरान उपस्थिति रजिस्टर दिखाने से इनकार करना किस बात का संकेत है?
- अधिकारियों की चुप्पी: संकुल और विकासखंड स्तर के जिम्मेदार अधिकारी ऐसे विद्यालयों का नियमित सत्यापन क्यों नहीं कर रहे?

सरकारी बजट से लाखों रुपये का वेतन पाने वाले शिक्षकों की इस मनमानी और ई-अटेंडेंस में संदिग्ध हेरफेर ने शिक्षा विभाग की मॉनिटरिंग पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग इस मामले में केवल नोटिस जारी कर खानापूर्ति करता है या ई-अटेंडेंस के डेटा का तकनीकी ऑडिट करवाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करता है।

जिला शिक्षाधिकारी ने निरीक्षण किया

ई-अटेंडेंस लगाकर शिक्षक गायब 1 सस्पेंड, 2 को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्कूलों में शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों की समय पर उपस्थित सुनिश्चित करने शिक्षा विभाग ने हमारे शिक्षक एप पर ई-अटेंडेन्स अनिवार्य की है। लेकिन, कुछ शिक्षक एवं कर्मचारियों ने इस ई-अटेंडेन्स को भी मजाक समझ लिया है और अपनी उपस्थिति दर्ज करने के उपरान्त वे कार्यस्थल से नदारत होकर अपने व्यक्तिगत कार्य निपटा रहे हैं। इस तरह की गंभीर लापरवाही उस समय सामने आई जब जिला शिक्षाधिकारी सावन पाटीदार ने शनिवार को ब्यावरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि माध्यमिक शिक्षक रामदयाल दांगी एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक विशाल गौड़ ने ई-अटेंडेंस तो दर्ज की लेकिन दोनों स्कूल से अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही प्रयोगशाला सहायक जगदीश शिल्पकार भी ई-अटेंडेंस लगाकार संस्था से नदारत हो गए। जिला शिक्षाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए श्री शिल्पकार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। साथ ही मावि शिक्षक श्री दांगी एवं उमावि शिक्षक श्री गौड़ के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र सह आरोप-पत्र जारी करने की कार्यवाही की गई है। संबंधित कर्मचारियों का वेतन काटने की कार्यवाही भी की जा रही है।

सभी कर्मचारियों के लिए निर्देश जारी

डीईओ श्री पाटीदार ने निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी, कर्मचारी विद्यालयीन समय में अपनी संस्था में उपस्थित रहकर निर्धारित दायित्वों को पूरी निष्ठा से पूर्ण करें। ई-अटेंडेन्स दर्ज करने के बाद बिना सक्षम अनुमति संस्था से अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

संदिग्ध मावा, पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे

शिकायतों के बाद चेता विभाग, 20 हजार की सामग्री जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

त्योहारी सीजन को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा ने जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्य प्रतिष्ठानों की लगातार जांच एवं नमूना कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा देर रात ब्यावरा शहर में कार्यवाही की गई। इसके तहत रात्रि लगभग 11 बजे सुठालिया बाईपास, राधा-कृष्ण दूध



मावा पनीर प्लांट का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान संदिग्ध पाए गए मावा एवं पनीर के नमूने जांच के लिए लिए गए। मौके पर 40 किलोग्राम मावा एवं 20 किलोग्राम पनीर, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये है, जब्त किया गया। खाद्य पदार्थों के नमूने नियमानुसार जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत आगामी कार्रवाई की जाएगी। यह संयुक्त कार्रवाई तहसीलदार श्री कमल सोलंकी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एस.एस. खत्री द्वारा की गई।

राजगढ़ क्षेत्र में दूध में खासी मिलावट

राजगढ़ ब्लॉक का करेड़ी, चाटूखेड़ा, खुजनेर क्षेत्र नकली दूध के लिए पहले से जाना जाता है। पूर्व के वर्षों में हुई कार्यवाहियों के दौरान इस क्षेत्र में पामोलिव ऑईल से दूध व अन्य पदार्थों का निर्माण होते पाया गया है जिस पर बाद में विधिसम्मत कार्यवाईयां भी हुईं। लेकिन, इस क्षेत्र में नकली दूध, घी, पनीर, मावा का कारोबार फिर से फलने-फूलने लगा है।


खटियापुरा में सड़क हादसा, ग्रामीणों ने की घायलों की मदद

दो बाइक की भिड़ंत, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

नरसिंहगढ़-बैरसिया मार्ग से करीब 2 किलोमीटर दूर हिनोती के पास गांव खटियापुरा में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बेरियाखेड़ी निवासी अरविंद मीना नरसिंहगढ़ से अपने गांव की ओर जा रहा था,वहीं दूसरी बाइक पर लखनवास निवासी कमल वर्मा और राकेश गाडरी नरसिंहगढ़ की ओर जा रहे थे। खटियापुरा के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीण एकत्रित हो गए और मानवता दिखाते हुए तीनों घायलों को





तत्काल अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया। चिकित्सकों के अनुसार बेरियाखेड़ी निवासी युवक को सिर में गंभीर चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है,जबकि लखनवास निवासी कमल वर्मा और राकेश गाडरी का उपचार सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ में जारी है। अंधा मोड़ बना हादसे का कारण स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास अंधा मोड़ है और सड़क किनारे पेड़-पौधों की झाड़ियों की कटाई नहीं होने से सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। इसी लापरवाही के कारण यहां हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मोड़ पर झाड़ियां कटवाने और संकेतक बोर्ड लगाने की मांग की है।

108 ने लगाया समय, बोलेरो से पहुंचाया अस्पताल

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया, लेकिन एंबुलेंस आने में काफी देर लगा दी। ऐसे में सीलखेड़ा की एक बोलेरो गाड़ी से घायल एक व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि दो अन्य घायलों को बाद में आई एंबुलेंस से सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ ले जाया गया।

जेल लाते में भागा चोरी का आरोपी, पकड़ाया

राजगढ़। जिला जेल राजगढ़ में लाया जा रहा चोरी का एक आरोपी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर भाग निकला। हालांकि, बाद में उसे पकड़कर जेल में डाल दिया गया। जानकारी के अनुसार ब्यावरा देहात थाने में चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी नीलेश पिता चतुर्भुज निवासी ग्राम मोहनीपुरा को कोर्ट से जेल भेजने के आदेश हुए। पुलिसकर्मी उसे एक वाहन से जिला जेल लाए। इस दौरान नीलेश के हाथ से किसी तरह हथकड़ी निकल गई और वो मौका पाकर भाग निकला। सुरक्षाकर्मी कुछ समझ पाते इसके पहले ही वह भागकर इधर-उधर छिपने लगा। मेन मार्केट में हुई इस घटना के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। हालांकि, आरोपी नीलेश अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाया और अंततः पुलिसकर्मियों ने उसे धर-दबोचा।

डंपर के टायर से उछले पत्थर की चपेट में आया बाइक सवार गंभीर घायल शाजापुर रेफर



सारंगपुर। जयनगर चौराहे पर निर्माणाधीन पुल के कारण इन दिनों वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी दौरान शनिवार को एक बाइक सवार युवक डंपर के टायर से उछले पत्थर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल सारंगपुर से शाजापुर रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार विशाल पिता श्याम विश्वकर्मा, निवासी मंडोदा जिला शाजापुर, अपनी बहन को बाइक से सारंगपुर से मंडोदा लेकर जा रहे थे। जैसे ही वे जयनगर चैराहे के समीप पहुंचे, वहां निर्माणाधीन पुल के पास ठेकेदार के डंपर क्रमांक आरजे 07 जीएफ 6831 के टायर से पत्थर उछलकर बाइक सवार युवक को जा लगा। पत्थर लगने से विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी बहन भी बाइक पर सवार थीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल युवक को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जयनगर चैराहे पर पुल निर्माण के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। निर्माण स्थल पर वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से हादसे की आशंका बनी रहती है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

संडावता में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर लगा मंत्री टेटवाल ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

सारंगपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को ग्राम संडावता में जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। इसमें मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में आसपास की ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न मांगों और समस्याओं के आवेदन लेकर पहुंचे। ग्रामीणों ने सड़क, पुलिया, प्रधानमंत्री आवास की किस्त, बस स्टैंड, छात्रावास, विद्यालय में सुविधाएं, नाली निर्माण और मुआवजे से संबंधित आवेदन दिए। काल्याखेड़ी, मीलखेड़ी व दोबड़ाजोगी क्षेत्र में सड़क निर्माण की मांग पर मंत्री ने पीडब्ल्यूडी को प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए। दोबड़ाजोगी से काल्याखेड़ी तक सड़क स्वीकृत होने की जानकारी दी गई। मुण्डलामऊ से बरखेड़ा तक करीब दो किलोमीटर सड़क का प्रस्ताव जनपद के माध्यम से पीडब्ल्यूडी को भेजने के निर्देश दिए। तथा संडावता में पीएम आवास की किस्त के मामले में स्थल निरीक्षण कर पात्रता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को



संडावता में डिलीवरी प्वाइंट शुरू करने की दिशा में कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग ने बताया कि क्षेत्र के 27 बच्चों को लैपटॉप मिल चुके हैं तथा आगामी सत्र में 80 बच्चों को लैपटॉप देने का लक्ष्य है। ग्रामीणों की छात्रावास, पीएम श्री विद्यालय में तार फेंसिंग, खेल सुविधाओं और पुलिया निर्माण संबंधी मांगों पर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान ही जन विश्वास की आधारशिला है। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सारंगपुर थाने में विशेष शिविर, 41 शिकायतों का निराकरण

सारंगपुर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत राजगढ़ पुलिस द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को लंबित शिकायतों एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना सारंगपुर परिसर में विशेष जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी की उपस्थिति में शिकायतकर्ताओं एवं अनावेदकों को आमने-सामने सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। इनमें घरेलू विवाद सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें शामिल थीं। कई शिकायतकर्ताओं ने शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं होने पर सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई थी।अभियान के दौरान वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त 35 लंबित शिकायत आवेदन, एसडीओपी कार्यालय सारंगपुर की 5 लंबित



शिकायतों तथा सीएम हेल्पलाइन लेवल-1 की 1 शिकायत का निराकरण किया गया। इस प्रकार कुल 41 शिकायतों का निराकरण किया गया। पुलिस के अनुसार अब थाना सारंगपुर स्तर पर जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन से संबंधित कोई शिकायत लंबित नहीं है।शिविर के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आवेदकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित कर लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

स्कार्पियो वाहन की डिग्गी में रखे 3 लाख 10 हजार रुपए कर लिए थे चोरी

ड्राइवर ही निकला चोर, 2 लाख 80 हजार का माल किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गत दिवस जिले के खुजनेर थाना क्षेत्रान्तर्गत एक वाहन की डिग्गी से 3 लाख 10 हजार रुपए अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा लिए गए थे। पुलिस द्वारा की गई विवेचना और पूछताछ में सामने आया कि इस चोरी को वाहन मालिक के ड्राईवर और उसके साथी ने ही अंजाम दिया था। राजगढ़ एसडीओपी श्री अरविंद दिवाकर ने शनिवार दोपहर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले का खुलासा किया। चोरी किए गए 3 लाख 10 हजार में से 2 लाख 80 हजार पुलिस ने जब्त कर लिए हैं वहीं बाकी राशि आरोपियों द्वारा खर्च कर दी गई।

चोरी की वारदात का 48 घंटे में त्वरित खुलासा: हालिया 26 अगस्त को फरियादी शिवकुमार पिता भारत प्रसाद शर्मा', उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बढ़पुरा, थाना अटेर, जिला भिंड, हाल निवासी बखेड़ जोड़ के सामने अनोखसिंह नागर का मकान, खुजनेर द्वारा थाना खुजनेर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादी ने



रिपोर्ट में बताया कि 25-26 अगस्त की दरमियानी रात्रि बखेड़ जोड़, खुजनेर स्थित अनोखसिंह नागर के मकान के सामने खड़ी स्कार्पियो की आगे की डिग्गी में रखे 3 लाख 10 हजार रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। फरियादी श्री शर्मा द्वारा अपने ड्रायवर राजेन्द्र उर्फ भूरा यादव एवं राकेश कुशवाह पर चोरी करने की शंका व्यक्त की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खुजनेर में बीएनएस की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई।

पुलिस ने पूछताछ की तो उगला सचः घटना की गंभीरता को देखते हुए खुजनेर पुलिस द्वारा आरोपियों की पतारसी एवं चोरी गए मशरूका की बरामदगी हेतु विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में जानकारी एवं साक्ष्य एकत्रित किए गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर राजेन्द्र सिंह उर्फ भूरा यादव एवं राकेश कुशवाह को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई 2 लाख 80 हजार रुपये की नकदी बरामद कर जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी की घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। चोरी की शेष राशि एवं घटना से जुड़े अन्य तथ्यों के संबंध में विवेचना जारी है तथा साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी खुजनेर रवि ठाकुर, सउनि मंगलसिंह छायल, सतीश परमार, वीरेन्द्र यादव, भानू, प्रकाश भिलाला एवं साइबर सेल राजगढ़ टीम से शशांक यादव, कुलदीप कुंभकार का सराहनीय योगदान रहा।

लोदीपुरा लखनवास गांव में हर्षोल्लास से मना भुजारिया पर्व, भाईचारे का दिया संदेश



लखनवास। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लखनवास एवं लोदीपुरा गांव में भूजरिया पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। गांव में दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा। शनिवार को परंपरा के अनुसार गांव के कई परिवारों ने अपने घरों में उगाई हुई भूजरिया को माथे पर रखकर ढोल-ढमाकों के साथ नाचते-गाते हुए जुलूस के रूप में निकाला। जुलूस गांव के मुख्य मंदिर के पास स्थित तालाब पर पहुंचा, जहां विधि-विधान से भूजरिया को ठंडा (विसर्जित) किया गया। इसके बाद सभी ग्रामीणों ने अपनी-अपनी बूजरिया एक-दूसरे के कानों में लगाकर ''राम-राम'' और ''जय जोहार'' किया और गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान लोगों ने आपसी भेदभाव, मनमुटाव और पुरानी रंजिश को भुलाकर एकता का संदेश दिया।

क्या है भुजरिया पर्व की परंपरा

ग्रामीण अंचल में रक्षाबंधन के एक दिन बाद घरों में टोकरी में मिट्टी डालकर गेहूं के दाने बोए जाते हैं, जिसे भुजरिया कहा जाता है। 7 दिनों तक महिलाएं इसकी पूजा करती हैं और पानी देती हैं। यह समृद्धि और अच्छी फसल का प्रतीक मानी जाती है। बुजुर्गों ने बताया कि बूजरिया पर्व दोस्ती और प्रेम का पर्व है। इस दिन से छोटे-बड़े सभी एक-दूसरे को बूजरिया देकर आजीवन मित्रता निभाने का वचन लेते हैं। जिसमे लखनवास पुलिस प्रशासन का सहयोग बना रहा।